Title: Need to ensure proper maintenance of National Highways in Bihar.

श्री मंजय लाल (समस्तीपुर) : महोदय, बिहार में अधिकांश सड़कों की हालत बहुत ही खराब है। सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क है, कहा नहीं जा सकता है। राज्य में जो सड़क राट्रीय उच्च पथ में ले ली गई है, उसकी मरम्मत भी नहीं हो रही है। राज्य सरकार ऐसे राट्रीय उच्च पथ में ली गई सड़कों को केन्द्र के नाम पर खोल रही है। केन्द्र सरकार इन सड़कों को उच्च पथ के रूप में निर्माण कराना तो दूर रहा, उनकी मरम्मत भी नहीं कर रही है।

अतः भूतल परिवहन विभाग से अनुरोध है कि बिहार में जो राट्रीय उच्च पथ हैं और जिन सड़कों को राट्रीय उच्च पथ में ले लिया गया है, उनकी मरम्मत शीघ्र कराकर यातायात के योग्य बनाकर लोगों की परेशानी को दूर करें।